सीबीएसई/समन्वय/प्रैक्टि/2021 24.02.2022

सेवा में
**सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों के प्रमुख**
(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)

**विषय: कक्षा X और XII, 2022 के लिए प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना/आंतरिक आकलन आयोजित करने के लिए दिशानिर्देशों के संबंध में।**

महोदया/ महोदय,

सीबीएसई द्वारा निर्धारित अध्ययन योजना/ परीक्षा उप-विधि के प्रावधानों के अनुसार, प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना/आंतरिक आकलन निम्नानुसार आयोजित किया जाएगा:

**1. सामान्य**

प्रायोगिक परीक्षा/ परियोजना/ आंतरिक आकलन सख्ती से वेबलिंक https://cbseacademic.nic.in/web_material/CurriculumMain22/termwise/Internal_Assessment_Practicals_Projects.pdf पर दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित किया जाएगा।

प्रायोगिक की तैयारी और योजना बनाते समय टर्म- I और टर्म- II के द्विभाजन को ध्यान में रखा जाएगा।

विद्यालय, विस्तृत निर्देशों के लिए, फ्रेमवर्क के सेक्शन–XVIII और वेबलिंक पर उपलब्ध महत्वपूर्ण दिशानिर्देशों का भी संदर्भ ले सकते हैं:

https://www.cbse.gov.in/cbsenew/documents/letter%20for%20schools%20framework-merged.pdf

**2. आयोजन की तिथियां**

प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना/आंतरिक आकलन 02/03/2022 (बुधवार) से आयोजित किए जाएंगे। अंतिम तिथि संबंधित कक्षाओं की अंतिम परीक्षा की तिथि से 10 दिन पहले होगी। बोर्ड द्वारा तिथियों को आगे बढ़ाने पर विचार नहीं किया जाएगा।

**3. अंक अपलोड करने की तिथियां**

सभी प्रायोगिक परीक्षाओं/परियोजना/आंतरिक आकलनो के संबंध में अंक 02/03/2022 से साथ-साथ अपलोड किए जाएंगे। अंकों को अपलोड करने का कार्य संबंधित कक्षा की अंतिम तिथि तक पूरा कर लिया जाएगा। बोर्ड द्वारा तिथियों को आगे बढ़ाने पर विचार नहीं किया जाएगा।

**4. त्रुटि मुक्त अपलोडिंग सुनिश्चित करना**

अंक अपलोड करते समय, स्कूल, आंतरिक परीक्षक और बाह्य परीक्षक (जैसा भी मामला हो) सुनिश्चित करेंगे कि सही अंक अपलोड किए गए हैं क्योंकि अंक अपलोड होने के बाद अंकों में किसी भी सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी।

स्कूल और परीक्षक, अंक प्रदान/अपलोड करते समय, सीबीएसई द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार टर्म- II के लिए प्रायोगिक/ परियोजना/ आंतरिक आकलन के लिए आवंटित अधिकतम अंकों को भी ध्यान में रखेंगे।

**5. कोविड प्रोटोकॉल**

प्रायोगिक परीक्षा/ परियोजना/ आंतरिक आकलन करने वाले स्कूल यह सुनिश्चित करेंगे कि केंद्र/ राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों और अन्य सांविधिक संगठनों के कोविड महामारी के प्रसार की रोकथाम से संबंधित सभी निर्देशों का पूरी तरह से पालन हो।

भीड़ और सामाजिक दूरी से बचने के लिए, विद्यालय छात्रों के समूह/बैच को प्रत्येक 10 छात्रों के उप समूहों में विभाजित करने पर विचार कर सकते हैं। 10 छात्रों का पहला समूह प्रयोगशाला कार्य में शामिल हो सकता है जब दूसरा कलम और कागज कार्य कर रहा है और ऐसे ही इसके विलोमत:।

कक्षा X

**6. नियमित छात्र**

प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना/आंतरिक आकलन विद्यालयों द्वारा स्वयं नियमित छात्रों के लिए संबंधित विषय की पाठ्यचर्या के अनुसार ही आयोजित किया जाएगा।

**7. बाह्य परीक्षक की नियुक्ति**

दसवीं कक्षा के लिए बोर्ड द्वारा किसी भी बाह्य परीक्षक की नियुक्ति नहीं की जाएगी।

**8. प्राइवेट छात्र**

प्राइवेट अभ्यर्थियों के संबंध में अलग से कोई प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना/आंतरिक आकलन नहीं होगा। प्रायोगिक परीक्षाओं/ परियोजना/ आंतरिक आकलन के लिए निर्धारित अंकों की गणना बोर्ड द्वारा आयोजित थ्योरी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर यथानुपात आधार पर की जाएगी यदि बोर्ड के नियमों के अनुसार अग्रेनीत नही किए गए। इस संबंध में स्कूलों से कोई कार्रवाई अपेक्षित नहीं है।

कक्षा-XII

**9. नियमित छात्र**

बारहवीं कक्षा की एलओसी के माध्यम से प्रायोजित नियमित छात्रों के लिए, छात्र (छात्रों) की पात्रता / वास्तविक स्थिति के आधार पर, स्कूल में प्रायोगिक परीक्षा/ परियोजना आकलन आयोजित किया जाएगा।

**10. प्राइवेट छात्र**

प्राइवेट अभ्यर्थियों के संबंध में अलग से कोई प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना/आंतरिक आकलन नहीं होगा।

(ए) प्राइवेट छात्रों के संबंध में अंकों को अग्रेनीत करना

सत्र 2020-21 में नियमित अभ्यर्थियों के रूप में उपस्थित होने वाले प्राइवेट अभ्यर्थियों (2021-22 में उपस्थित होने वाले) के प्रायोगिक अंक, जिनके अंक पिछले वर्ष के परिणाम डेटा में उपलब्ध हैं, सत्र 2021-22 के लिए बोर्ड की परीक्षा के लिए अग्रेनीत किए जाएंगे। इन अभ्यर्थियों को प्रायोगिक परीक्षाओं में शामिल होने की आवश्यकता नहीं होगी। केवल उन अभ्यर्थियों के मामले में जो पिछले वर्ष (2020-2021) प्रैक्टिकल में अनुत्तीर्ण हुए हैं, उन्हें 2021-22 में प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होना होगा।

(बी) प्राइवेट छात्रों के संबंध में यथानुपात आधार पर अंक

सत्र 2020-21 से पहले, यानी 2019-20 और उससे पहले के अभ्यर्थियों के संबंध में, प्रायोगिक परीक्षा/ परियोजना/ आंतरिक आकलन के लिए निर्धारित अंकों की गणना थ्योरी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर यथानुपात आधार पर की जाएगी।

### 11. बोर्ड द्वारा बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति

बोर्ड संलग्नक-IV में दी गई कार्य-रीतियों और विषयों के अनुसार प्रायोगिक परीक्षा और परियोजना आकलन आयोजित करने के लिए प्रत्येक विद्यालय में बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति करेगा।

स्थानीय स्तर पर प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना आकलन आयोजित करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए स्कूल अधिकारी अधिकृत नहीं हैं। प्रायोगिक परीक्षा केवल बोर्ड द्वारा नियुक्त परीक्षक द्वारा ही आयोजित की जा सकती है।

अनुपलब्धता/इनकार/रिपोर्ट न करने आदि के कारण प्रायोगिक परीक्षा के संचालन में किसी भी देरी के सभी मामलों की सूचना संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को क्षेत्रीय कार्यालय से नए परीक्षक की नियुक्ति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों हेतु तुरंत दी जाएगी।

### 12. बोर्ड द्वारा प्रेक्षकों की नियुक्ति

बोर्ड प्रायोगिक परीक्षाओं और परियोजना आकलन के संचालन के पर्यवेक्षण के लिए और परीक्षा/आकलन का निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए विद्यालयों में प्रेक्षकों की नियुक्ति कर सकता है। प्रेक्षकों की सूची प्राप्त करने के लिए स्कूल संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करेंगे।

### 13. बाह्य परीक्षकों की उपस्थिति/उपलब्धता सुनिश्चित करना

बोर्ड द्वारा बाह्य परीक्षक की नियुक्ति के प्रावधान के अनुसार विद्यालय प्रायोगिक परीक्षा/ परियोजना आकलन के संचालन के सभी दिनों में बाह्य परीक्षकों और प्रेक्षकों की उपस्थिति/ उपलब्धता सुनिश्चित करेगा।

### 14. आंतरिक परीक्षक की नियुक्ति

प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना आकलन की नीति के अनुसार एक बाह्य परीक्षक के साथ-साथ एक आंतरिक परीक्षक भी होगा। विद्यालय ऐसे सभी विषयों में पर्याप्त अनुभव और विशेषज्ञता वाले एक आंतरिक परीक्षक की नियुक्ति करेगा। विद्यालय प्राचार्य द्वारा आंतरिक परीक्षक की नियुक्ति के लिए परीक्षक और उसके कर्तव्यों और दायित्वों के पूर्ण विवरण के साथ एक आदेश जारी किया जाएगा।

### 15. बाह्य परीक्षक द्वारा प्रयोगशाला और उपस्करों का निरीक्षण

प्रधानाचार्य/ विद्यालय प्रमुख को प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए प्रयोगशाला तैयार रखना आवश्यक है। बाह्य परीक्षक उचित और पर्याप्त उपकरणों/ उपस्करों/ रसायनो/ अन्य आवश्यक सामग्री की उपलब्धता और अन्य सभी व्यवस्थाओं आदि को सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा/आकलन के आयोजन के दिन से कम से कम एक दिन पहले स्कूल की प्रयोगशाला का दौरा करेंगे।

किसी भी कमी के मामले में, इसे स्कूल के प्रधानाचार्य/प्रमुख के व्यक्तिगत संज्ञान में लाया जाना चाहिए, जो इस तरह की रिपोर्ट की गई कमियों को दूर करने और व्यवस्था करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

### 16. सत्रों में परीक्षा/आकलन का संचालन

निष्पक्ष और उचित आकलन सुनिश्चित करने के लिए, अभ्यर्थियों की संख्या 20 से अधिक होने पर प्रायोगिक परीक्षा/ परियोजना आकलन सदैव एक दिन में दो या तीन सत्रों में आयोजित किया जाना चाहिए।

ललित कलाओं के मामले में, प्रत्येक अभ्यर्थी के संबंध में परीक्षा/आकलन अनिवार्य रूप से दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा।

**17. एप-लिंक के माध्यम से फोटो अपलोड करना**

विद्यालयों को परीक्षा/ आकलन के संचालन की तस्वीरें अपलोड करनी होंगी।

इसके लिए, स्कूलों को प्रायोगिक परीक्षा के दौरान प्रत्येक बैच का 01 ग्रुप फोटो अपलोड करने के लिए एप-लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। ग्रुप फोटो में उस बैच के सभी अभ्यर्थी, बाह्य परीक्षक, आंतरिक परीक्षक और प्रेक्षक शामिल होने चाहिए। फोटो में सभी चेहरे स्पष्ट रूप से दिखाई देने चाहिए।

फोटोग्राफ उस प्रयोगशाला में लिया जाएगा जहां प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की जाएगी और फोटो में प्रयोगशाला स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।

सॉफ्टवेयर यह सुनिश्चित करेगा कि अपलोड की गई तस्वीरों को जियोटैग किया गया है और टाइम टैग किया गया है;

कुछ अन्य जानकारी जैसे बैच नंबर, कुल बैच, तिथि और समय आदि को भी ऐप/लिंक पर अपलोड करना होगा।

**18. उपस्थिति पत्रक**

प्रायोगिक परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के उपस्थिति पत्रक को प्रोफार्मा में सावधानीपूर्वक भरा जाना चाहिए जो संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा प्रत्येक स्कूल को प्रदान किया जाएगा।

**19. अन्य सामग्री**

निम्नलिखित सामग्री/ दस्तावेजों का संरूप स्कूल लॉग-इन के लिंक में डाउनलोड करने और संबंधित बाह्य परीक्षक को उनके आगमन पर सौंपने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा:

ए) किसी भी छूटे हुए विषय परीक्षा के उपयोग के लिए मैनुअल एवार्ड लिस्ट।

बी) बाह्य परीक्षकों द्वारा अवार्ड सूची भेजने के लिए सैंपल लिफाफा।

**20. प्रायोगिक के लिए नई उत्तर पुस्तिका**

यह सुनिश्चित किया जाएगा कि क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रायोगिक उत्तरपुस्तिका का प्रयोग प्रायोगिक परीक्षा में किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाना है कि परीक्षक प्रायोगिक उत्तर पुस्तिकाओं में सभी प्रविष्टियों को सावधानीपूर्वक और सही ढंग से पूरा करता है।

अपने विद्यालय के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा/ परियोजना आकलन संचालित करने के अलावा, आप अन्य विद्यालयों में प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना आकलन के संचालन के लिए बोर्ड द्वारा प्रतिनियुक्त अपने पीजीटी को कार्यमुक्त करना भी सुनिश्चित करेंगे ताकि प्रायोगिक परीक्षा की पूरी प्रक्रिया निर्धारित समय में पूरी कर ली जाए। परीक्षकों के रूप में नियुक्त शिक्षकों को कार्यमुक्त न करने को गंभीरता से लिया जाएगा और संबद्धता और परीक्षा उप-विधियों के अनुसार दोषी स्कूलों के विरुद्ध दंड प्रावधान लागू किए जाएंगे।

यह दोहराया जाता है कि स्कूलों नियत शेड्यूल का पालन करें और अंकों को सही ढंग से अपलोड करें क्योंकि शेड्यूल और एक बार अपलोड कर दिए गए अंकों में कोई बदलाव नहीं होगा। साथ ही, किसी भी मामले में, सीबीएसई द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षक द्वारा प्रायोगिक संचालन किया जाना चाहिए। यदि यह देखा जाता है कि विद्यालयों द्वारा बोर्ड के निर्देशों का पालन नहीं किया गया है, तो बोर्ड प्रायोगिक परीक्षा को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

विद्यालय www.cbse.gov.in/cbsenew/examination_Circular.html पर जांच करके सभी परिपत्रों की प्रामाणिकता सुनिश्चित कर लें।

**भवदीय,**

**(डॉ. संयम भारद्वाज)**

**परीक्षा नियंत्रक**

**अनुलग्नक:**

**परिशिष्ट-I** प्रायोगिक परीक्षाओं के संबंध में कर्मचारियों का स्केल, पारिश्रमिक की दरें।

**परिशिष्ट-II** प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना आकलन आयोजित करने की प्रक्रिया।

**परिशिष्ट-III** प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना आकलन के अंक अपलोड करने के लिए विस्तृत चरण।


**परिशिष्ट-IV** बाह्य परीक्षक स्थिति और अंकों के वितरण की विषयवार सूची।

**प्रति: वेब-एडमिन को सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ।**

| प्रायोगिक परीक्षकों के लिए पारिश्रमिक की दरें, स्टाफ स्केल और बिल प्रस्तुत करने के संबंध में विविध अनुदेश | | |
|---|---|---|
| नीचे दिए गए विवरण के अनुसार सहायक स्टाफ को प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना आकलन के संचालन में परीक्षकों की सहायता के लिए तैनात/का उपयोग करने की अनुमति है:- | | |
| **क्रमांक** | **विषय/ कर्तव्य** | **अनुमत्य सहायक स्टाफ** |
| (ए) | भौतिकी<br>रसायन विज्ञान | 01 सहायक अधीक्षक<br>01 प्रयोगशाला सहायक<br>01 प्रयोगशाला वाहक |
| (बी) | जीव विज्ञान<br>भूगोल<br>गृह विज्ञान | 01 प्रयोगशाला सहायक<br>01 प्रयोगशाला वाहक |
| (सी) | संगीत और नृत्य | 01 इंस्ट्रूमेंट प्लेयर<br>01 संगीत/नृत्य कक्ष सहायक |
| (डी) | अन्य विषय | 01 सहायक अधीक्षक<br>01 प्रयोगशाला वाहक |
| (ई) | स्वच्छता/ सफाई | 01 सफाई कर्मचारी प्रति दिन |
| **सहायक कर्मचारियों के लिए पारिश्रमिक की दरें** | | |
| (एफ) | सहायक अधीक्षक | रु. 200/- प्रति दिन |
| (जी) | प्रयोगशाला सहायक | रु. 200/- प्रति दिन |
| (एच) | प्रयोगशाला वाहक | रु. 200/- प्रति दिन |
| (आई) | सफाई कर्मचारी | रु. 200/- प्रति दिन |
| **बाह्य परीक्षकों के लिए पारिश्रमिक की दरें** | | |
| (जे) | ललित कलाएं | रु. 25/- प्रति अभ्यर्थी<br>(रु. 500/- प्रति परीक्षक न्यूनतम भुगतान के अधीन)<br>रु. 250/- वाहन/ जलपान/अन्य प्रभारों के लिए |
| (के) | प्रायोगिक घटक या परियोजना घटक वाले सभी अन्य विषय | रु. 15/- प्रति अभ्यर्थी<br>(रु. 300/- प्रति परीक्षक न्यूनतम भुगतान के अधीन)<br>रु. 250/- वाहन/ जलपान/अन्य प्रभारों के लिए |
| **बिल जमा करने के संबंध में अनुदेश** | | |
| सत्र 2021-22 के लिए प्रायोगिक परीक्षाओं के सभी भुगतान केवल एकीकृत भुगतान प्रणाली (आईपीएस) से किए जाएंगे जब तक कि अन्यथा अनुदेश न दिया जाए।<br>आईपीएस में विवरण समय पर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय सभी पदाधिकारियों के बैंक खाते का विवरण अग्रिम रूप से एकत्र कर लें। | | |

| प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना आकलन आयोजित करने की प्रणाली / प्रक्रिया | |
|---|---|
| 1. | बोर्ड द्वारा प्रदत्त प्रायोगिक/ प्रयोगों की सूची में से प्रायोगिक/प्रयोग का चयन, बाह्य और आंतरिक दोनों परीक्षकों की सहमति से किया जाना चाहिए। |
| 2. | वाइवा-वॉयस/ मौखिक परीक्षा के लिए प्रश्न दोनों परीक्षकों द्वारा पूछे जाने चाहिए और ये या तो उस प्रोजेक्ट से संबंधित होने चाहिए जिसे छात्र ने तैयार किया है या प्रायोगिक परीक्षा से। |
| 3. | अधिक सामान्य प्रकृति के प्रश्नों से बचना चाहिए। |
| 4. | अन्वेषणात्मक परियोजनाएँ, विशेष रूप से वे जो छात्र की ओर से अत्यधिक प्रयास और मौलिकता को दर्शाती हैं, उन्हें उपयुक्त उच्च अंक प्राप्त होने चाहिए, जबकि एक रूटीन या रूढ़िबद्ध प्रकृति की परियोजना को केवल औसत अंक प्राप्त होने चाहिए। |
| 5. | आकलन और अंक प्रदान करने में, परीक्षा के समय परीक्षार्थियों/विद्यालयों को उपलब्ध कराए गए प्रायोगिक/प्रयोगों की सूची में दी गई अंकन योजना का कड़ाई से पालन करें। |
| 6. | व्यक्तिगत अभ्यर्थी को दिए जाने वाले अंकों पर आम सहमति बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। यदि चर्चा के बाद भी एक या दो अंकों का अंतर बना रहता है, तो औसत अंक दिए जाने चाहिए। इस नियम से कोई विचलन नहीं होना चाहिए। |
| 7. | प्रयोगशाला अभिलेखों, वायवा, परियोजना और प्रायोगिक के लिए दिए गए अंक कुल अंकों के साथ उत्तर पुस्तिका पर अलग-अलग दर्शाए जाने चाहिए, ताकि बाद में कोई जटिलता उत्पन्न न हो। |
| 8. | अवार्ड सूची में कोई फ्रैक्शनल अंक अपलोड नहीं किया जाना चाहिए, यदि दिए गए अंकों के योग में कोई फ्रैक्शन है तो उसे अगले पूर्णांक तक बढ़ा दिया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि किसी अभ्यर्थी को 25.5 अंक मिलते हैं, तो उसे अवार्ड सूची में 26 के रूप में दर्ज किया जाना चाहिए। |
| 9. | यदि प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना आकलन के संचालन में किसी भी परीक्षक द्वारा अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो इसे परीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किया जाना चाहिए और इसे ई-मेल या फैक्स और स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रायोगिक परीक्षा / परियोजना आकलन के संचालन के तीन दिनों के भीतर संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक सचिव (गोपनीय) को भेजा जाना चाहिए। |
| 10. | प्रायोगिक परीक्षा/ परियोजना आकलन के अंक आकलन समाप्त होने के तुरंत बाद, दिए गए लिंक पर आंतरिक और बाहरी परीक्षकों द्वारा एक साथ अपलोड किए जाएंगे। अंक परीक्षा तिथि पर और निर्धारित प्रक्रिया/ चरणों का पालन करते हुए बाह्य परीक्षक द्वारा जहां प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की जाती है, उस विद्यालय से अपलोड किए जाने चाहिए। |
| 11. | प्रायोगिक/ परियोजना अंक ऑनलाइन अपलोड करने के बाद, अवार्ड सूची(यों) की 02 हार्ड कॉपी तैयार की जाएंगी, जिन पर आंतरिक और बाहरी दोनों परीक्षकों द्वारा हस्ताक्षर किए जाने होंगे। हार्ड कॉपी में अंकों में कोई सुधार स्वीकार नहीं किया जाएगा।<br>उत्तर पुस्तिकाओं के साथ, अवार्ड सूची की एक प्रति, विधिवत सीलबंद करके, बाहरी परीक्षक द्वारा उस संस्थान के प्रधानाचार्य/प्रमुख को सौंपी जाएगी, जिसके छात्र की प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना आकलन बाह्य परीक्षक द्वारा संचालित किया गया है और दूसरी प्रति विधिवत सीलबंद करके, बाह्य परीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भेजी जाएगी; |

| | |
|---|---|
| 12. | स्कूल भी उत्तर पुस्तिकाओं और बाह्य परीक्षकों से प्राप्त अवार्ड-सूचियों की हार्ड कॉपी तुरंत संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भेजेगा। बाह्य परीक्षक से प्राप्त उत्तरपुस्तिकाएं विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा बीमाकृत/पंजीकृत पार्सल द्वारा भेजी जाएं। स्थानीय विद्यालयों के मामले में, उत्तर पुस्तिकाएं बोर्ड कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती हैं। सीबीएसई को भेजने से पहले प्रायोगिक/ परियोजना परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं को क्रमानुसार व्यवस्थित किया जाना चाहिए। |
| 13. | अवार्ड-सूचियाँ बीमाकृत/पंजीकृत डाक द्वारा अलग से एक डबल सीलबंद लिफाफे में भेजी जानी चाहिए और उत्तर पुस्तिकाओं के साथ मिश्रित नहीं की जानी चाहिए। |
| 14. | बोर्ड सभी प्रायोगिक विषयों में प्रायोगिक उत्तर पुस्तिकाएं भेजेगा। तथापि, यदि उत्तरपुस्तिकाओं की कोई कमी हो तो इसकी आवश्यकता की सूचना तत्काल संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को दें। सादे टेबल पेपर/ड्राइंग शीट/ग्राफ शीट के मामले में, इसकी स्कूल से व्यवस्था की जाए यदि यह उपलब्ध नहीं है या सीबीएसई द्वारा नही भेजा गया है। |
| 15. | परीक्षकों को किसी भी तरह से प्रभावित करने के उद्देश्य से संचार करने या उनसे संवाद करने का प्रयास करने के दोषी पाए जाने वाले अभ्यर्थियों को अनुचित साधनों का उपयोग/प्रयास करने वाला माना जाएगा। परीक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसे मामलों के बारे में पूर्ण तथ्यों/कागजातों/गवाहों के साथ इस कार्यालय को तुरंत रिपोर्ट करें। |
| 16. | यदि उत्तर पुस्तिका से अवार्ड सूची में अंकों को दर्ज किए जाने में गलती पाई जाती है या यदि अंक उत्तर पुस्तिका पर शब्दों और अंकों में भिन्न होते हैं या परीक्षकों द्वारा अवार्ड सूची में गलत अनुक्रमांक के समक्ष दर्ज किए जाते हैं, तो की गई गलतियों के कारण कटौती संबंधित परीक्षक से मानदंडों के अनुसार की जाएगी जो पूर्ण राशि तक हो सकती है। |
| 17. | प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना आकलन के संचालन के संबंध में सभी अनुदेशों/प्रावधानों का कड़ाई से अनुसरण/अनुपालन किया जाए। किसी भी विचलन पर लागू नियमों के अनुसार चूककर्ता संस्थान/परीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है। |

| अपलोड करने के लिए विस्तृत चरण<br><br>प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना आकलन अंक | |
|---|---|
| 1. | सीबीएसई की वेबसाइट https://cbse.gov.in पर जाएं और ई-परीक्षा आइकन पर क्लिक करें। |
| 2. | लॉग-इन करने के लिए एलओसी/पंजीकरण के लिए उपयोग किए जाने वाले अपने स्कूल के मौजूदा क्रेडेंशियल दर्ज करें। |
| 3. | एक मुख्य मेनू खुलेगा जिसमें विभिन्न मेनू विकल्पों के साथ आपके स्कूल का विवरण दिखाई देगा जैसा कि नीचे दिखाया गया है:<br> |
| 4. | प्रक्रिया शुरू करने के लिए, "क्रिएट बैच" लिंक पर क्लिक करें। ड्रॉपडाउन से उस विषय का चयन करें जिसके लिए बैच बनाया जाना है, बाहरी और आंतरिक परीक्षकों का आवश्यक विवरण दें (आंतरिक परीक्षा के मामले में स्कूल कोड में "99999" दर्ज करें) और "SUBMIT" बटन पर क्लिक करें। चयनित विषय के लिए पंजीकृत 100 (या अधिकतम) छात्रों की एक सूची दिखाई देगी। "CONFIRM THIS BATCH" बटन पर क्लिक करें, एक बैच आईडी प्रदर्शित होगी, कृपया इसे नोट करें।<br> |
| 5. | अब "UPLOAD MARKS" मेनू विकल्प पर क्लिक करें। पिछले चरण में बनाई गई बैच आईडी ड्रॉप-डाउन मेनू में दिखाई जाएगी। उपयुक्त बैच का चयन करें; बाह्य परीक्षक विवरण बिल्कुल वैसा ही दें जैसा बैच निर्माण के दौरान दिया गया था और "SUBMIT" बटन पर क्लिक करें। चयनित बैच के सभी छात्रों की सूची अंक दर्ज करने के लिए एक कॉलम के साथ आएगी। चयनित विषय के लिए अंकों की वैध सीमा को ध्यान में रखते हुए सही अंक भरें (अंकों के साथ 0 उपसर्ग न लगाएं), या ड्रॉपडाउन से "Absent" चुनें, और "PREVIEW" पर क्लिक करें। परीक्षक को दर्ज किए गए अंकों की पुष्टि मात्र के लिए दर्ज किए गए अंकों का पूर्वावलोकन/PREVIEW मिलेगा। न्यूनतम अंक से कम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को लाल रंग की पृष्ठभूमि में दर्शाया जाएगा, अनुपस्थित चिह्नित किए गए छात्रों को पीले रंग में दिखाया जाएगा। |

| | |
|---|---|
| |  |
| 6. | यदि सभी अंक सही पाए जाते हैं और दोनों परीक्षकों को निश्चित है कि किसी सुधार की आवश्यकता नहीं है तो "FINALIZE MARKS" पर क्लिक करें अन्यथा अंक अद्यतन करने/ बदलने के लिए "MAKE CHANGES" पर क्लिक करें। एक बार जब आप "FINALIZE MARKS" पर क्लिक करते हैं, तो पुष्टि के लिए एक पॉप-अप दिखाई देगा। यदि आप अंक परिवर्तित करना चाहते हैं, तो “CANCEL” पर क्लिक करें या पुष्टि करने के लिए “OK” पर क्लिक करें; सभी दर्ज किए गए अंक जमा किए जाएंगे और बाद में उन्हें बदला नहीं जा सकता है। |
| 7. | अंतिम रूप देने के बाद, "PRINT AWARD LIST" लिंक पर क्लिक करें। सभी बैच आईडी के साथ एक पेज दिखाई देगा जिसके लिए डेटा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उपयुक्त बैच का चयन करें; बाह्य परीक्षक विवरण भरें, जैसा कि बैच निर्माण के दौरान दिया गया था और SUBMIT पर क्लिक करें। यदि सभी विवरण सही हैं, तो चयनित बैच के छात्रों की अवार्ड सूची दिखाई देगी। पृष्ठ के दो प्रिंट आउट लें, दोनों आंतरिक और बाह्य परीक्षकों द्वारा (यदि लागू हो) उपयुक्त स्थानों पर हस्ताक्षर किए जाने हैं। |
| 8. | प्रिंटआउट की एक प्रति, विधिवत सीलबंद करके, प्रायोगिक उत्तर पुस्तिकाओं के साथ क्षेत्रीय कार्यालय को भेजने के लिए विद्यालय प्रमुख को सौंपी जानी है। |
| 9. | बाह्य परीक्षक द्वारा विधिवत मुहरबंद प्रिंटआउट की एक प्रति सीधे संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भेजी जानी चाहिए। |
| 10. | विधिवत मुहरबंद और हस्ताक्षरित अवार्ड सूची को एक पीडीएफ फाइल में बदलें और "UPLOAD AWARD LIST" विकल्प का उपयोग करके अपलोड करें। |
| 11. | अपलोड किए गए और अपलोड के लिए लंबित बैच उत्पन्न करने के लिए "CHECK STATUS" विकल्प पर क्लिक करें।<br> |
| 12. | बाह्य परीक्षक प्रिंटआउट लेने के बाद सिस्टम से लॉग आउट करना न भूलें। |

| | |
|---|---|
| 13. | बाह्य परीक्षक को निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए: बैच निर्माण, अंक अपलोड करना, अवार्ड सूची तैयार करना और लिफाफे में अवार्ड सूची को सीलबंद करना केवल बाह्य परीक्षक द्वारा ही किया जाना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में छात्रों के अंक किसी को नहीं बताए जाने चाहिए। बैच निर्माण से लेकर अंक अपलोड करने और अवार्ड सूची की प्रिंटिंग तक की प्रक्रिया 90 मिनट के भीतर पूरी की जानी चाहिए। |
| नोट:<br>प्रक्रिया को अंतिम रूप देने और पूरा करने के बाद अंकों में किसी बदलाव की अनुमति नहीं है, इसलिए अपलोड किए गए विषय के प्रायोगिक अंकों की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए दोनों परीक्षकों को समुचित ध्यान देना आवश्यक है। | |

**अंकों के वितरण की विषयवार सूची और बाह्य परीक्षक स्थिति**

| क्रमांक | कक्षा | विषय | विषय का नाम | बाह्य प्रायोगिक परीक्षक | प्रायोगिक टर्म-II 2021-22 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | प्रायोगिक | परियोजना | आंतरिक आकलन |
| 1 | 10 | 002 | हिंदी कोर्स– ए | नहीं | - | - | 010 |
| 2 | 10 | 003 | उर्दू कोर्स - ए | नहीं | - | - | 010 |
| 3 | 10 | 004 | पंजाबी | नहीं | - | - | 010 |
| 4 | 10 | 005 | बंगाली | नहीं | - | - | 010 |
| 5 | 10 | 006 | तमिल | नहीं | - | - | 010 |
| 6 | 10 | 007 | तेलुगु | नहीं | - | - | 010 |
| 7 | 10 | 008 | सिंधी | नहीं | - | - | 010 |
| 8 | 10 | 009 | मराठी | नहीं | - | - | 010 |
| 9 | 10 | 010 | गुजराती | नहीं | - | - | 010 |
| 10 | 10 | 011 | मणिपुरी | नहीं | - | - | 010 |
| 11 | 10 | 012 | मलयालम | नहीं | - | - | 010 |
| 12 | 10 | 013 | ओडिया | नहीं | - | - | 010 |
| 13 | 10 | 014 | असमिया | नहीं | - | - | 010 |
| 14 | 10 | 015 | कन्नड़ | नहीं | - | - | 010 |
| 15 | 10 | 016 | अरबी | नहीं | - | - | 010 |
| 16 | 10 | 017 | तिब्बती | नहीं | - | - | 010 |
| 17 | 10 | 018 | फ्रेंच | नहीं | - | - | 010 |
| 18 | 10 | 020 | जर्मन | नहीं | - | - | 010 |
| 19 | 10 | 021 | रूसी | नहीं | - | - | 010 |
| 20 | 10 | 023 | पर्सियन | नहीं | - | - | 010 |
| 21 | 10 | 024 | नेपाली | नहीं | - | - | 010 |
| 22 | 10 | 025 | लिंबु | नहीं | - | - | 010 |
| 23 | 10 | 026 | लेपचा | नहीं | - | - | 010 |
| 24 | 10 | 031 | कर. संगीत (वॉकल) | नहीं | 025 | - | 010 |
| 25 | 10 | 032 | कर. संगीत मेल. इन्स. | नहीं | 025 | - | 010 |
| 26 | 10 | 033 | कर. संगीत पर. इन्स. | नहीं | 025 | - | 010 |
| 27 | 10 | 034 | हिंदी संगीत (वॉकल) | नहीं | 025 | - | 010 |
| 28 | 10 | 035 | हिंदी संगीत मेल. इन्स. | नहीं | 025 | - | 010 |
| 29 | 10 | 036 | हिंदी संगीत पर. इन्स. | नहीं | 025 | - | 010 |
| 30 | 10 | 041 | गणित स्टैन्डर्ड | नहीं | - | - | 010 |
| 31 | 10 | 049 | पेंटिंग | नहीं | 025 | - | 010 |
| 32 | 10 | 064 | गृह विज्ञान | नहीं | 015 | - | - |
| 33 | 10 | 076 | राष्ट्रीय कैडेट कॉर्पस | नहीं | - | - | 015 |
| 34 | 10 | 085 | हिंदी कोर्स – बी | नहीं | - | - | 010 |
| 35 | 10 | 086 | विज्ञान | नहीं | - | - | 010 |
| 36 | 10 | 087 | सामाजिक विज्ञान | नहीं | - | - | 010 |
| 37 | 10 | 089 | तेलुगु-तेलंगाना | नहीं | - | - | 010 |
| 38 | 10 | 092 | बोडो | नहीं | - | - | 010 |
| 39 | 10 | 093 | तांगखुल | नहीं | - | - | 010 |
| 40 | 10 | 094 | जापानी | नहीं | - | - | 010 |
| 41 | 10 | 095 | भूटिया | नहीं | - | - | 010 |
| 42 | 10 | 096 | स्पेनिश | नहीं | - | - | 010 |
| 43 | 10 | 097 | कश्मीरी | नहीं | - | - | 010 |

| क्रमांक | कक्षा | विषय | विषय का नाम | बाह्य प्रायोगिक परीक्षक | प्रायोगिक टर्म-II 2021-22 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | प्रायोगिक | परियोजना | आंतरिक आकलन |
| 44 | 10 | 098 | मिज़ो | नहीं | - | - | 010 |
| 45 | 10 | 099 | बहासा मेलायु | नहीं | - | - | 010 |
| 46 | 10 | 122 | संस्कृत | नहीं | - | - | 010 |
| 47 | 10 | 131 | राय | नहीं | - | - | 010 |
| 48 | 10 | 132 | गुरांग | नहीं | - | - | 010 |
| 49 | 10 | 133 | तमांग | नहीं | - | - | 010 |
| 50 | 10 | 134 | शेरपा | नहीं | - | - | 010 |
| 51 | 10 | 136 | थाई | नहीं | - | - | 010 |
| 52 | 10 | 154 | एलिमे. ऑफ बिजनेस | नहीं | 015 | - | - |
| 53 | 10 | 165 | कंप्यूटर अनुप्रयोग | नहीं | 025 | - | - |
| 54 | 10 | 184 | अंग्रेजी (भाषा एवं साहित्य) | नहीं | - | - | 010 |
| 55 | 10 | 241 | गणित बेसिक | नहीं | - | - | 010 |
| 56 | 10 | 254 | एलीमेंट्स ऑफ बुक कीपिंग एंड एकाउंटेन्सी | नहीं | - | 015 | - |
| 57 | 10 | 303 | उर्दू कोर्स बी | नहीं | - | - | 010 |
| 58 | 10 | 401 | रिटेल | नहीं | 025 | - | - |
| 59 | 10 | 402 | सूचना प्रौद्योगिकी | नहीं | 025 | - | - |
| 60 | 10 | 403 | सिक्युरिटी | नहीं | 025 | - | - |
| 61 | 10 | 404 | ऑटोमोटिव | नहीं | 025 | - | - |
| 62 | 10 | 405 | इन्ट्रोडक्शन टू फाइनैन्शल मार्केट | नहीं | 025 | - | - |
| 63 | 10 | 406 | इन्ट्रोडक्शन टू टूरिसम | नहीं | 025 | - | - |
| 64 | 10 | 407 | ब्यूटी एंड वेलनेस | नहीं | 025 | - | - |
| 65 | 10 | 408 | एग्रीकल्चर | नहीं | 025 | - | - |
| 66 | 10 | 409 | खाद्य उत्पादन | नहीं | 025 | - | - |
| 67 | 10 | 410 | फ्रंट ऑफिस ऑपरेसन्स | नहीं | 025 | - | - |
| 68 | 10 | 411 | बैंकिंग एवं बीमा | नहीं | 025 | - | - |
| 69 | 10 | 412 | मार्केटिंग एंड सेल्ज़ | नहीं | 025 | - | - |
| 70 | 10 | 413 | हेल्थ केयर | नहीं | 025 | - | - |
| 71 | 10 | 414 | अपैरल | नहीं | 025 | - | - |
| 72 | 10 | 415 | मल्टीमीडिया | नहीं | 025 | - | - |
| 73 | 10 | 416 | मल्टी स्किल फाउंडेशन कोर्स | नहीं | 025 | - | - |
| 74 | 10 | 417 | आर्टिफिसिअल इंटेलीजेंस | नहीं | 025 | - | - |
| 75 | 10 | 418 | फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर | नहीं | 025 | - | - |
| 77 | 12 | 001 | अंग्रेजी इलेक्टिव | नहीं | - | - | 010 |
| 78 | 12 | 002 | हिंदी इलेक्टिव | नहीं | - | - | 010 |
| 79 | 12 | 003 | उर्दू इलेक्टिव | नहीं | - | - | 010 |
| 80 | 12 | 022 | संस्कृत इलेक्टिव | नहीं | - | - | 010 |
| 81 | 12 | 027 | इतिहास | हाँ | - | 010 | - |
| 82 | 12 | 028 | राजनीति विज्ञान | हाँ | - | 010 | - |
| 83 | 12 | 029 | भूगोल | हाँ | 015 | - | - |
| 84 | 12 | 030 | अर्थशास्त्र | हाँ | - | 010 | - |
| 85 | 12 | 031 | कर. संगीत वॉकल | हाँ | 025 | - | 010 |

| क्रमांक | कक्षा | विषय | विषय का नाम | बाह्य प्रायोगिक परीक्षक | प्रायोगिक टर्म-II 2021-22 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | प्रायोगिक | परियोजना | आंतरिक आकलन |
| 86 | 12 | 032 | कर. संगीत मेल. इन्स. | हाँ | 025 | - | 010 |
| 87 | 12 | 033 | कर. संगीत पर. इन्स. मृदंगम | हाँ | 025 | - | 010 |
| 88 | 12 | 034 | हिंदी संगीत (वॉकल) | हाँ | 025 | - | 010 |
| 89 | 12 | 035 | हिंदी संगीत मेल. इन्स. | हाँ | 025 | - | 010 |
| 90 | 12 | 036 | हिंदी पर. इन्स. | हाँ | 025 | - | 010 |
| 91 | 12 | 037 | मनोविज्ञान | हाँ | 015 | - | - |
| 92 | 12 | 039 | समाजशास्त्र | हाँ | - | 010 | - |
| 93 | 12 | 041 | गणित | नहीं | - | - | 010 |
| 94 | 12 | 042 | भौतिकी | हाँ | 015 | - | - |
| 95 | 12 | 043 | रसायन विज्ञान | हाँ | 015 | - | - |
| 96 | 12 | 044 | जीव विज्ञान | हाँ | 015 | - | - |
| 97 | 12 | 045 | जैव प्रौद्योगिकी | हाँ | 015 | - | - |
| 98 | 12 | 046 | ईंजी. ग्राफिक्स | हाँ | 015 | - | - |
| 99 | 12 | 048 | शारीरिक शिक्षा | हाँ | 015 | - | - |
| 100 | 12 | 049 | पेंटिंग | हाँ | 035 | - | - |
| 101 | 12 | 050 | ग्राफिक्स | हाँ | 035 | - | - |
| 102 | 12 | 051 | स्कल्प्चर | हाँ | 035 | - | - |
| 103 | 12 | 052 | एप्प/कॉमर्शियल आर्ट | हाँ | 035 | - | - |
| 104 | 12 | 054 | बिजनेस स्टडीज | हाँ | - | 010 | - |
| 105 | 12 | 055 | एकाउंटेन्सी | हाँ | - | 010 | - |
| 106 | 12 | 056 | कथक- नृत्य | हाँ | 035 | - | - |
| 107 | 12 | 057 | भरतनाट्यम - नृत्य | हाँ | 035 | - | - |
| 108 | 12 | 058 | कुचिपुड़ी - नृत्य | हाँ | 035 | - | - |
| 109 | 12 | 059 | ओडिसी - नृत्य | हाँ | 035 | - | - |
| 110 | 12 | 060 | मणिपुरी - नृत्य | हाँ | 035 | - | - |
| 111 | 12 | 061 | कथकली - नृत्य | हाँ | 035 | - | - |
| 112 | 12 | 064 | गृह विज्ञान | हाँ | 015 | - | - |
| 113 | 12 | 065 | इंफोरमेटिक्स प्रैक. (नया) | हाँ | 015 | - | - |
| 114 | 12 | 066 | उद्यमिता | हाँ | - | 015 | - |
| 115 | 12 | 073 | नॉलेज ट्रेडिशन एंड प्रक्टेसेज ऑफ इंडिया | हाँ | - | 015 | - |
| 116 | 12 | 074 | लीगल स्टडीज | नहीं | - | 010 | - |
| 117 | 12 | 076 | नेशनल कडेट कॉर्पस | हाँ | 015 | - | - |
| 118 | 12 | 083 | कंप्यूटर साइंस (नया) | हाँ | 015 | - | - |
| 119 | 12 | 104 | पंजाबी | नहीं | - | - | 010 |
| 120 | 12 | 105 | बंगाली | नहीं | - | - | 010 |
| 121 | 12 | 106 | तमिल | नहीं | - | - | 010 |
| 122 | 12 | 107 | तेलुगु | नहीं | - | - | 010 |
| 123 | 12 | 108 | सिंधी | नहीं | - | - | 010 |
| 124 | 12 | 109 | मराठी | नहीं | - | - | 010 |
| 125 | 12 | 110 | गुजराती | नहीं | - | - | 010 |
| 126 | 12 | 111 | मणिपुरी | नहीं | - | - | 010 |
| 127 | 12 | 112 | मलयालम | नहीं | - | - | 010 |

| क्रमांक | कक्षा | विषय | विषय का नाम | बाह्य प्रायोगिक परीक्षक | प्रायोगिक टर्म-II 2021-22 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | प्रायोगिक | परियोजना | आंतरिक आकलन |
| 128 | 12 | 113 | ओडिया | नहीं | - | - | 010 |
| 129 | 12 | 114 | असमिया | नहीं | - | - | 010 |
| 130 | 12 | 115 | कन्नड़ | नहीं | - | - | 010 |
| 131 | 12 | 116 | अरबी | नहीं | - | - | 010 |
| 132 | 12 | 117 | तिब्बती | नहीं | - | - | 010 |
| 133 | 12 | 118 | फ्रेंच | नहीं | - | - | 010 |
| 134 | 12 | 120 | जर्मन | नहीं | - | - | 010 |
| 135 | 12 | 121 | रूसी | नहीं | - | - | 010 |
| 136 | 12 | 123 | पर्शियन | नहीं | - | - | 010 |
| 137 | 12 | 124 | नेपाली | नहीं | - | - | 010 |
| 138 | 12 | 125 | लिंबु | नहीं | - | - | 010 |
| 139 | 12 | 126 | लेपचा | नहीं | - | - | 010 |
| 140 | 12 | 189 | तेलुगु तेलंगाना | नहीं | - | - | 010 |
| 141 | 12 | 192 | बोडो | नहीं | - | - | 010 |
| 142 | 12 | 193 | तांगखुल | नहीं | - | - | 010 |
| 143 | 12 | 194 | जापानी | नहीं | - | - | 010 |
| 144 | 12 | 195 | भूटिया | नहीं | - | - | 010 |
| 145 | 12 | 196 | स्पेनिश | नहीं | - | - | 010 |
| 146 | 12 | 197 | कश्मीरी | नहीं | - | - | 010 |
| 147 | 12 | 198 | मिज़ो | नहीं | - | - | 010 |
| 148 | 12 | 241 | अनुप्रयुक्त गणित | नहीं | - | - | 010 |
| 149 | 12 | 301 | अंग्रेजी कोर | नहीं | - | - | 010 |
| 150 | 12 | 302 | हिंदी कोर | नहीं | - | - | 010 |
| 151 | 12 | 303 | उर्दू कोर | नहीं | - | - | 010 |
| 152 | 12 | 322 | संस्कृत कोर | नहीं | - | - | 010 |
| 153 | 12 | 801 | रिटेल | हाँ | 020 | - | - |
| 154 | 12 | 802 | सूचना प्रौद्योगिकी | हाँ | 020 | - | - |
| 155 | 12 | 803 | वेब एप्पलीकेशन | हाँ | 020 | - | - |
| 156 | 12 | 804 | ऑटोमोटिव | हाँ | 020 | - | - |
| 157 | 12 | 805 | फाइनैन्शल मार्केट मैनेजमेंट | हाँ | 020 | - | - |
| 158 | 12 | 806 | टूरिज़्म | हाँ | 020 | - | - |
| 159 | 12 | 807 | ब्यूटी एंड वेलनेस | हाँ | 020 | - | - |
| 160 | 12 | 808 | एग्रीकल्चर | हाँ | 015 | - | - |
| 161 | 12 | 809 | फूड प्रोडक्शन | हाँ | 020 | - | - |
| 162 | 12 | 810 | फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन्स | हाँ | 020 | - | - |
| 163 | 12 | 811 | बैंकिंग | हाँ | 020 | - | - |
| 164 | 12 | 812 | मार्केटिंग | हाँ | 020 | - | - |
| 165 | 12 | 813 | हेल्थ केयर | हाँ | 020 | - | - |
| 166 | 12 | 814 | इन्शुरन्स | हाँ | 020 | - | - |
| 167 | 12 | 816 | होर्टिकल्चर | हाँ | 020 | - | - |
| 168 | 12 | 817 | टाइपाग्रफी एंड कंप्यूटर अनुप्रयोग | हाँ | 020 | - | - |
| 169 | 12 | 818 | जिओसपेशियअल प्रौद्योगिकी | हाँ | 020 | - | - |

| क्रमांक | कक्षा | विषय | विषय का नाम | बाह्य प्रायोगिक परीक्षक | प्रायोगिक टर्म-II 2021-22 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | प्रायोगिक | परियोजना | आंतरिक आकलन |
| 170 | 12 | 819 | इलेक्ट्रिकल प्रौद्योगिकी | हाँ | 020 | - | - |
| 171 | 12 | 820 | इलेक्ट्रॉनिक प्रौद्योगिकी | हाँ | 020 | - | - |
| 172 | 12 | 821 | मल्टीमीडिया | हाँ | 025 | - | - |
| 173 | 12 | 822 | टैक्सेशन | हाँ | 020 | - | - |
| 174 | 12 | 823 | कोस्ट एकाउंटिंग | हाँ | 020 | - | - |
| 175 | 12 | 824 | ऑफिस प्रोसेजर एंड प्रेक्टीसेज | हाँ | 020 | - | - |
| 176 | 12 | 825 | शॉर्टहैंड (अंग्रेजी) | हाँ | 020 | - | - |
| 177 | 12 | 826 | शॉर्टहैंड (हिंदी) | हाँ | 020 | - | - |
| 178 | 12 | 827 | एयर-कंडीशन एंड रेफ्रीजरेशन | हाँ | 020 | - | - |
| 179 | 12 | 828 | मेडिकल डायगनोस्टिक्स | हाँ | 020 | - | - |
| 180 | 12 | 829 | टेक्सटाइल डिजाइन | हाँ | 020 | - | - |
| 181 | 12 | 830 | डिजाइन | हाँ | 025 | - | - |
| 182 | 12 | 831 | सेल्ज़मैनशिप | हाँ | 020 | - | - |
| 183 | 12 | 833 | बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन | हाँ | 015 | - | - |
| 184 | 12 | 834 | फूड न्यूट्रीशन एंड डाइटेटिक्स | हाँ | 015 | - | - |
| 185 | 12 | 835 | मास मीडिया स्टडीज | हाँ | 015 | - | - |
| 186 | 12 | 836 | लाइब्रेरी एंड इनफॉर्मेशन साइंस | हाँ | 015 | - | - |
| 187 | 12 | 837 | फैशन स्टडीज | हाँ | 015 | - | - |
| 188 | 12 | 841 | योग | हाँ | 025 | - | - |
| 189 | 12 | 842 | अर्ली चाइल्डहूड केयर एंड एडयूकेशन | हाँ | 025 | - | - |
| 190 | 12 | 843 | आर्टिफिसिअल इंटेलीजेंस | हाँ | 025 | - | - |